विधान सभा सचिवालय

मध्यप्रदेश

समाचार

सोलहवीं मध्यप्रदेश विधानसभा के पंचम सत्र की अधिसूचना जारी

भोपाल, दिनांक 6 फरवरी,2025

मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का पंचम सत्र सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 से आरंभ होकर सोमवार, 24 मार्च, 2025 तक चलेगा। राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमोदित तदाशय की अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है। विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह के अनुसार इस 15 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 9 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे।

इस हेतु विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 19 फरवरी, 2025 तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 6 मार्च, 2025 तक प्राप्त की जावेंगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267 - क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में 4 मार्च, 2025 से कार्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक प्राप्त की जावेंगी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का यह पंचम सत्र होगा।

विस/जसं/25

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव